not yet .been allotted, and which are listed. Those which have already been approved and listed, automatically form part of the agenda. It is for the House to take up either one first but it is part of the agenda which is before the House. It has not been removed.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): मैडम, मेरा एक निवेदन है। मैडम, इस संबंध में नहीं है। मैडम मैं स्वयं जा रही हूं। सुबह शून्यकाल में हमें अनुमति दी गई थी। रोहतक में जो मर्मांतक दुर्घटना हुई है। ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): इस वक्त इस मामले को हम लोग नहीं ले रहे हैं।...इस वक्त मैं इस मामले को नहीं ले रही हूं।...(व्यवधान)...

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान): मैडम, केवल एक सजेशन लेना है कि पांच बजे के बाद जो बिजनेस जीरो आवर का और स्पेशल मेंशन का रह गया था, वह आप पांच बजे के बाद लेंगी?

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): अगर सदन चाहे तो पांच बजे के बाद बैठ सकते है। सदन की मंशा क्या है?

श्रीमती सरला माहेश्वरी: मैडम, मैं निजी सदस्यों के अधिकार पर हस्तक्षेप नहीं करना चाहती, मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूं कि अगर हमारा सदन सहमत हो...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): मैं सदन से ही पूछ रही हूं। आप कृपा करके अपना स्थान गृहण करें। Please sit down. ...*(Interruptions)*... What is the sense of the House? Do you want to sit after five? ...*(interruptions)*... You don't want to sit after 5 o'clock.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Twenty-three people died in the incident ...*(interruptions)*...

श्री रामजी लाल (हरियाणा): मैंने दिया था, उन्होंने कहा कि मरने को देना।

SHRI JIBON ROY: Six children died. Can't we raise this matter....*(interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): I know the seriousness of the issue. But this is not the time, *(interruptions)*.,.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी: सुबह नहीं लिया जा सका, इसीलिए मेरा आपसे निवेदन है कि अगर आप 5 बजे तक रेज करने की अनुमति दें तो...

SHRI JIBON ROY: You give us 15 minutes after 5 o'clock. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): 5 बजे बाद अगर सदन बैठना चाहे तो बैठ सकता है।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी: अभी अगर बता देंगी तो हम इंतजार कर सकते हैं।

SHRI JAGESH DESAI: Madam, I want to make one submission. Now it is 2.40 P.M. Private Members' time is 2 hours 30 mumutes. That should not be curtailed. Now the time should go up to 5.10 P.M. Then we will take up other business.

RESOLUTION DEMANDING AMENDMENT OF CONSTITUTION FOR ESTABLISHMENT OF LOKPAL1.QKAYUKTA TO PREVENT CORRUPTION IN PUBLIC LIFE Contd

THE VICE-CHAIRMAN (SMT. KAMLA SINHA): Now we shall take up for further discussion on the Resolution on Lokpal moved by Shri Mohd. Masud Khan. Shri Janeshwar Misra was speaking late time.

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): मैडम, मसूद साहब ने जो प्रस्ताव रखा है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हूं और इस अफसोस के साथ खड़ा हूं कि पिछले बीस सालों से इस पर प्रस्ताव आए, बहस हुई और जो लोग देश के नेता है, प्रधानमंत्री की हैसियत से, वे सब के सब लोग इस सदन को और बगल वाले सदन को, संसद को यह आश्वासन देते रहे हैं कि इस तरह का कानून लाया जाएगा। कुछ कहीं न कहीं जाकर इस लिए फंस जाता है कि इस कानून के परिधि में प्रधानमंत्री को लाया जाए या न लाया जाए। हम राजनीति करने वाले लोग यह मानकर चलते हैं कि हम

लोग देश के सारे कानूनों से ऊपर हैं। हिन्दुस्तान में देवताओं के नियम सब पर लागू होते हैं लेकिन इसके ऊपर कोई नियम लागू नहीं होता। आम आदमी देवताओं द्वारा बनाए हुए नियम का पालन करता है। अगर गलती होती है तो हाथ जोड़कर माफी मांग लेता है या सजा भुगतने के लिए तैयार होता है। ये देवता खुद-ब-खुद नियम तोड़ा करते हैं। हम राजनीति करने वाले लोग अपने को देवताओं की श्रेणी में रखकर यह मानकर चल रहे हैं कि हमसे जो गलती होगी उसके लिए कोई सजा नहीं होगी। महोदया, अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि यह गांधी जी का देश है। गांधी जी के देश में जहां आजादी की लड़ाई के दौरान राजनीति एक तपस्या की चीज थी, त्याग की चीज थी, आजादी के मिलते ही राजनीति एक भोग की चीज बन गयी। भ्रष्टाचार केवल रुपये पैसे लेने-देने पर ही नहीं हुआ करता है, भ्रष्टाचार परिवार के नाम पर भी होता है। अगर मान लीजिए कोई हमारे देश का मंत्री है, कल को वह बीमार पड़ने लगे और वह अपने बेटे को भी मंत्री बना दें और फिर उसका बेटा भी मंत्री बनने लगे तो हिन्दुस्तान की 90 करोड़ जनता में यह संदेश जाएगा कि जनतंत्र के लिबास में राजतंत्र और परिवार-वाद आ रहा है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि लोकपाल बिल, जो बिल मसूद साहब ने पेश किया है, यह मोरारजी के जमाने से और इंदिरा जी के जमाने से चलता रहा है और संसद में हमें आश्वासन मिलता रहा है कि यह कानून लाया जाएगा। भ्रष्टाचार जो देखने में आता है, प्रायः वही माना जाता है लेकिन हमारे चरित्र में ईमानदारी होनी चाहिए। जनतंत्र एक तपस्या की चीज है और हमारे चरित्र में है कि आम आदमी जो उनका लोकप्रिय नेता हुआ करता है, उसकी नकल करता है। मुझे याद है कि पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई के दौरान अपने कुर्ते के ऊपर अधकटी जैकेट पहन ली, तो हिन्दुस्तान के लोगों ने उनकी नकल में वैसी जाकेट पहनना शुरू कर दिया। जयप्रकाश नारायण जी, 1942 के हीरो थे। उन्होंने अपने कुर्ते पर खादर लगा दिया तो हिन्दुस्तान के अधिकतर लोगों ने खड़ी वाली खादर पहनना शुरू कर दिया। जैसा देश का नेता किया करता है आम आदमी उसको हीरो मानकर उसकी नकल करता है। जिस तरह से वह पहना करता है, जिस तरह से जिंदगी जीता है आम आदमी उसमें उसकी नकल करता है। हमको याद है कि एक बार नेहरू साहब के जमाने में बुलगानिन आए थे और बुलगानिन ठुड्डी रखे हुए थे। उसकी नकल कर के हिन्दुस्तान के बहुत से लड़कों ने ठुड्डी रखवा ली, दाढ़ी रखवा ली, इन्द्र कुमार गुजराल आज तक रखवाए हुए हैं। यह आदमी नकल करता है। जब कोई राजनेता देश का या विदेश का आता है तो उसका पहनावा, उसका कपड़ा, उसका रहन-सहन, उसका चाल-चलन, उसका रवैया, सब की नकल करते है...(व्यवधान)

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार): गुजराल साहब तो यहां हैं नहीं इसका जवाब कौन देगा?

श्री जगेश्वर मिश्र: गांधी जी खाते बहुत कम थे, गांधी पहनते बहुत कम थे क्योंकि दिमाग तभी चला करता है। आम आदमी, दरिद्र से दरिद्र आदमी जो जिन्दगी जीया करता है, उस तरह की जिन्दगी सर्वोच्च राजनेता को जीनी चाहिए। यह परंपरा गांधी जी ने कायम की थी लेकिन धीरे धीरे राजनीति अय्याशी का विषय बनने लगी, भोग का विषय बनने लगी। आज हिन्दुस्तान में राजनिति के बड़े से बड़े दावेदार लोग जो बड़ी कुर्सी पर बैठे है, इनका एक दिन का खर्च जोड़ा जाए हिफाज़त के नाम पर, शानोशौकत के नाम पर, ठाठ-बाट के नाम पर, सभी चीज़ों पर चर्चा हो रही थी। हमारे मित्रों ने कहा कि बड़े नेताओं के लिए उनकी सिक्युरिटी पर कोई सुलहनामा नहीं हो सकता है। मैं कहना चाहता हूं कि कितना खर्च होता है? एक बार पंडित मदन मोहन मालवीय ने काशी विश्वविद्यालय में कनवोकेशन कराई थी। उसमें मुख्य अतिथि गांधी जी थे। गांधी जी जब वहां गये तो वायसराय साहब जो यूनीवर्सिटी के चांसलर होते थे वह भी आए थे। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस बहुत लगाई गई थी। गांधी जी ने पूछा की महामना इतनी पुलिस क्यों बुलाई है। मालवीय जी ने कहा कि वायसराय साहब की सुरक्षा के लिए है। तो गांधी जी ने अपने भाषण में कहा था। बड़ा गरीब देश है, यहां आधे से ज्यादा लोग एक वक्त खाना खाते है, दोनों वक्त खाना उनको नहीं मिलता है। इस देश के मालिक यहां आएं, अगर आपकी हिफाज़त के लिए इस देश के खजाने का इतना पैसा खर्च होता है तो बेहतर है कि आप मर जाएं। यह गांधी जी का वाक्य था। मैं नहीं चाहता हूं कि उतनी कड़ी भाषा का इस्तेमाल करूं लेकिन हम राजनीतिकर्मी अपनी हिफाज़त के लिए, अपने भोग के लिए, जिस जिन्दगी के रास्ते जा रहे है वह भ्रष्टाचार की तरफ जाता है या नहीं? भ्रष्टाचार की तरफ जाता है तो हमारा बेटा ललक कर आता है कि हमारा बाप मिनिस्टर रहा है, प्राइम मिनिस्टिर रहा है हम भी बन सकते है, इसी तरह कि जिन्दगी हमको जीनी चाहिये। फिर उसके दूसरे बच्चे वाले आने लगते है, इस तरह से

एक लाइन खिंच जाती है। तब भ्रष्टाचार की गंगोत्री धीरे धीरे गंदा पानी ले कर नीचे की तरफ आती है। आज मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जनतंत्र भी हिन्दुस्तान में होगा तो भ्रष्ट हो सकता है लेकिन जनतंत्र सम्पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार के चंगुल में फंस चुका है। अभी यहां पंचायती राज का चुनाव हुआ था। पंचायती राज के चुनाव में बड़े झगड़े हुए गांव गांव में। चतुरानन मिश्र जी उस दिन कह रहे थे कि इनके किसी उम्मीदवार को दूसरी पार्टी के लोग उठा कर ले गये, भाग गये। बड़ी धांधली हो रही है। महोदया, आप जानती हैं कि यह क्यों धांधली हो रही है। जवाहर रोजगार योजना में जो पैसा जाता है एक लाख, दो लाख, तीन लाख रुपया जाता है। पहले गांव के प्रधान होते थे, चुनाव होते थे। कोई गांव का मुअज़िज़ आदमी चुनाव लड़ता था, खिलाफत कोई नहीं करता था, विरोध कोई नहीं होता था। यह जब से रुपया जाने लगा है, अब प्रधान लोगों को खर्च करने का मौका मिल गया है। सड़क तो नहीं बनती है, पूरा रुपया प्रधान जी की कोठी बनाने में या मोटर-साइकल में खर्च हो जाता है । उस दिन माननीय चतुरानन मिश्र जी कह रहे थे हम पार्लियामेंट के मैम्बरों के बारे में कि हम कुकिंग गैस बेचा करते है, टेलीफोन कनेक्शन बेचा करते है। हम सब लोगों पर चुने हुए नेताओं पर अंगुली उठाई जाती है। कोई एक करोड़ रुपया बक्से में ला कर कहता है कि हमने दिया है। हमारे ऊपर अंगुली उठे, जन प्रतिनिधि पर अंगुली उठे तो लगता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे तक रग रग में घुस गया है। इस पर पाबन्दी लगाना जरूरी है। हम ही भ्रष्ट नहीं है, जनता के चुने हुए लोग ही भ्रष्ट नहीं है, प्रधान से ले कर प्रधानमंत्री तक, मैं यह नहीं कहता। उसके बाद यह जो अफसर शाही हुआ करती है, वह भी अपने तरीके से भ्रष्टाचार के रास्ते चलाती है। क्योंकि वह तो जानती है कि जो कोई दिल्ली की कुर्सी पर, लखनऊ की कुर्सी पर, पटना की कुर्सी पर बैठेगा, वह पांच साल बैठेगा। अगर हमारे भ्रष्टाचार के रास्ते पर चलेगा तो उनको कमाने के लिए ज्यादा मौका मिलेगा। सब से ज्यादा भ्रष्टाचार का तार, एक तार से दूसरी तार तक जोड़ने का काम हिन्दुस्तान की अफसरशाही कर रही है जो लोगों की पूंजी लगाया करते हैं धंधे में वे देखते हैं हिंदुस्तान के चलाने वाले लोग चाहे जनता के प्रतिनिधि हों चाहे जनता के अफसर हों वे सब के सब गलत रास्ते पर जिंदगी की कमाई कर रहे हैं तो वे सोचते हैं कि हम अगर 4 रुपए लगाते हैं किसी कारखानें में तो हमको 400 रुपए उस कारखाने से मिलने चाहिए। तो हिंदुस्तान की पूंजीशाही, हिंदुस्तान की नौकरशाही, हिंदुस्तान की नेताशाही इन तीनों का तिगड्डा बन गया है मैडम जिन्होंने आज सम्पूर्ण राष्ट्र के जीवन को भ्रष्टाचारी बना दिया है। दुनिया में यह बहस चल रही है कि हिंदुस्तान के आम आदमी की जिंदगी ज्यादा भ्रष्ट है या रोम के आम आदमी की जिंदगी ज्यादा भ्रष्ट है। दुनिया में सबसे ज्यादा भ्रष्ट दोनों देशों में से कौन माना जाएगा। तब स्थिति की गम्भीरता यह मांग करती है कि मसूद साहब ने जो बिल पेश किया है इस बिल पर गम्भीरता से सोचा जाए।

यह गांधी का देश है। आजादी मिलने के बाद से गांधी के त्याग की धारा, भोग की धारा में बदल गयी है। यह भोग की धारा अभी तक हम लोगों के हाथों से संभल नहीं पा रही है। हम लोग देश के मालिक कहलाते है। हम लोग कुर्ता पहनकर, धोती पहनकर, टोपी पहनकर सड़क पर निकलते हैं, चांदनी चौक से निकलते है और हमको कोई पहचानता नहीं तो वह बोल दिया करते हैं कि यह जरूर कोई राजनेता है, 420 है, धूर्त किस्म का आदमी है। किसी जमाने में हम लोग टोपी पहनकर, कुर्ता पहनकर सड़क पर निकलते थे तो लोग कहते थे कि यह आजादी की लड़ाई का दीवाना जा रहा है। वे सिर झुका दिया करते थे। क्या वजह है कि आज वही लिबास 420 लोगों का लिबास बन गया है। क्या इस पर इस संसद को सोचना या गम्भीर नहीं होना चाहिए।

सन् 1966 में लाल बहादुर शास्त्री साहब ने प्रशासनिक सुधार के नाम पर एक आयोग गठित किया था। उस आयोग ने लोकपाल और लोकायुक्त का प्रावधान किया था अपनी सिफारिश में। तब से कांग्रेस पार्टी की कितनी सरकारें चली आयीं और चली गयीं तब से विरोधियों की कितनी सरकारें आयीं और चली गयीं, हम लोग इस पर गम्भिर नहीं हुए। धीरे धीरे आज पानी नाक के ऊपर हो चुका है। हम जलसंकट इलाका में आ चुके हैं। अगर इसको रोकने के लिए प्रयास नहीं किया गया तो यह राष्ट्र राष्ट्र नहीं रह जाएगा। बहुत से धूर्त, उचक्के किस्म के लोग, गंदे किस्म के लोग हम लोग सब के सब बन जाएंगे। यह भ्रष्टाचार करता कौन है? कहां है? इस पर कभी बहस होगी। बहस हुआ करती है कि आजकल कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। बस अड्डे पर जिसकी चाहे जेब काट ले, रेल में कोई सुरक्षित नहीं चल सकता है। पुलिस काम नहीं कर रही है। लेकिन केवल जेब काटने वाला ही शरारती है, कानून तोड़ता है।

अटैची उठाने वाला ही कानून तोड़ता है। वह इंजीनियर जो एक करोड़ का ठेका लेता है और 70 लाख रुपए का सामान लगाता है वह चोर नहीं है। समाज में वह निकलता है तो उसकी इज्जत हुआ करती है। लोग उसको देखकर सिर झुकाते हैं। आदर सत्कार करते हैं। गांव में उसकी इज्जत होती है। वह खर्च करता है। आपके पटना में एक मंदिर बना है रेलवे स्टेशन पर। एक बहुत बड़े पुलिस अफसर ने बनवाया है। हमने पूछा इतना रुपया कहां से लाए। कहा कि इतने बड़े पुलिस के अफसर थे मस्जिद से ऊंचा इसका कंगूरा बनाना था इसलिए उसने बहुत पैसा खर्च किया। तो हम लोग जो गलत तरीके से पैसा कमाते हैं चाहे वे बिड़ला साहब कमाते हों चाहे अफसर साहब कमाते हों चाहे नेता साहब कमाते हों वे थोड़ा धर्मादा में भी रुपया खर्च कर दिया करते हैं। हमारे उत्तर प्रदेश में एक डाकू हुआ था मानसिंह। वह डकैती तो करता था लेकिन किसी गरीब आदमी की बेटी की शादी में थोड़ा रुपया भी दे दिया करता था। लोग उसकी वाहवाही भी करते थे, तारीफ भी करते थे कि बड़ा दानी है। तो ऐसा मत समझिएगा कि भ्रष्टाचार अपना तिकड़म नहीं जानता। जनता में समर्थन लेने के लिए कुछ न कुछ वह दौलत बांटता रहता है। हिंदुस्तान का भ्रष्टाचारी धरती, दानी चरित्र का हो गया है। दुनिया में ऐसा भ्रष्टाचार हमने कहीं नहीं देखा कि भ्रष्टाचार का चरित्र ही बदल जाए। वह भ्रष्टाचारी ही नहीं है वह साधु भी है, दान भी करता है। दूसरों की तकलीफ में मदद भी करता है। यह नेताशाही से लेकर, थैलीशाही, नौकरशाही तक सबके चरित्र की खूबी है। तब भी अगर हम सरकार चलाने वाले लोग, राजनीति करने वाले लोग इस पर गंभीर न हों और मसूद साहब को मजबूर होकर कांग्रेस पार्टी के नेता लोग कहें कि वह प्रस्ताव वापस लो इस पर विधेयक अलग से लाया जाएगा, गंभीरता से सोचकर लाया जाएगा, तो चलेगा नहीं। किस पर उंगली नहीं उठी? हिन्दुस्तान के राष्ट्रपति पर बयान दे दिया गया, हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री लोगों पर उंगली उठी रही, हिन्दुस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के जज लोगों पर उंगली उठी रही है, पार्लियामेंट के मेम्बर्स पर उंगली उठी रही है, गांव प्रधान पर उंगली उठी रही है, विधायिकाओं पर उंगली उठी रही है, कार्यपालिका पर उंगली उठी रही है। एक तरह से बिल्कुल एक अजीब तरह के माहौल में, गिजगिजा किस्म के माहौल में हम जिन्दगी जी रहे हैं। इस राष्ट्र की जिन्दगी की सांसें कई बार घुटन महसूस किया करती हैं। तब मैडम, हमको कहीं न कहीं फार्मूला बनाना पड़ेगा। फार्मूला बनाना पड़ेगा अपने चरित्र के जरिए, चरित्र मिसाल दिया करता है। मैंने पहले कुर्ते, कालर, दाढ़ी वगैरह की मिसाल दी थी। नकल लोग किया करते हैं आदमी के रहन-सहन का, उसकी सादगी का, उसके त्याग का, अगर उंगली उठ जाए बड़ी जगहों पर बैठे हुए लोगों पर जरूरी नहीं कि वे दोषी हों, लेकिन उनमें से एक-दो लोगों को सड़क पर निकल कर आना पड़ेगा यह कह कर कि हम पर चूंकि उंगली उठ गई सार्वजनिक जीवन में अगर हमारे चरित्र पर आरोप लग गया तो हम सार्वजनिक जीवन से हट रहे हैं और जो कोई सजा हो हमारे पद की वजह से उस सजा में कहीं कमी आ रही हो तो वह कमी न आए, हमको सजा दे दी जाए। यह रास्ता अगर नहीं खोला गया तो हम लोग देश को बचा नहीं पायेंगे। हम यह नहीं कहते कि हम राजनीति करने वाले कोई संत हैं, फकीर हैं, कोई त्यागी हैं, हम सब लोगों की इच्छा होती है कुर्सी पर बैठने की, राजनीति के मायने ही कुर्सी है। केवल विरोध में रह करके हल्ला मचाना राजनीति का मायने नहीं हुआ करता, लेकिन सन् 1947 के पहले राजनीति करने वाला आदमी अगर वह 70 सैकड़ा कुछ करने का मन करता था तो 30 सैकड़ा उसका मन कुछ बनने का भी हुआ करता था। आज राजनीति करने वाला जो कोई भी है 90 सैकड़ा उसका मन कुछ बनने का है और 10 सैकड़ा शायद कुछ करने का है। दूसरों के लिए करने के लिए 10 सैकड़ा मन होगा और 90 सैकड़ा हमारे मन का हिस्सा कुछ न कुछ बनने का होगा। तब राजनीति तिकड़म की राजनीति हो जाएगी, फरेब की राजनीति हो जाएगी और 60, 70 या 50 सैकड़ा भी दूसरों के लिए कुछ करने का मन होगा और 50 सैकड़ा बनने का मन होगा तब भी राजनीति सिद्धांत की राजनीति बनेगी, उसूल की राजनीति बनेगी। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हिन्दुस्तान की संपूर्ण राजनीति आज तिकड़म की राजनीति हो गई है, फरेब की राजनीति हो गई है, क्योंकि हमारी इच्छाशक्ति बनने की हो गई है, कुछ न कुछ पद पाने की हो गई है और सारी पार्टियां, आपकी पार्टी सरकारी पार्टी तो आजकल गजब की हालत में है। मैडम, वे टूट रहे हैं और टूटने के बाद दोनों दौड़ करके 10 जनपथ जा रहे हैं शिकायत करने के लिए। जैसे दो बच्चे आपस में लड़ते हैं। बड़ा वाला लड़का छोटे को मार देता है। छोटा वाला लड़का बड़े वाले को गाली बक देता है तो दोनों अपनी मां के यहां कहने जाते हैं। बड़ा वाला कहता है, देखो छोटा वाला गाली बक रहा है। छोटा वाला कहता है, देखो, बड़ा भाई मार रहा है। यह बिल्कुल बचकाने

किस्म का झगड़ा है। बनने की इच्छा 90 सैकड़ा और करने की इच्छा 10 सैकड़ा। दस जनपथ में जा करके शिकायत और वह मम्मी, काबिल किस्म की मम्मी, कहते हैं आपस में झगड़ा मत किया करो, मिल करके रहा करो। लेकिन वह असली मम्मी तो है नहीं है। ....(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL PUBLIC GRIEVANCES AND PENSION (SHRIMATI MARGARET ALVA): Madam, why should '10, Janpath' come in the discussion on the Lok Pal Bill?

श्री जनेश्वर मिश्र: परिवारवाद की वजह से ....(व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY: When we are discussing the Lok Pal Bill, why should he drag in some people who are not in this Parliament House? Mr. Mishra is a very senior leader. He is a former Minister. He knows the decorum of the House and he cannot raise such issues.

THE. VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): He did not name anybody.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI K.V. THANGKA BALU): Madam, that should not go on record. Let him discuss issues relevant to the subject.

SHRI V. NARAYANASAMY: Madam, sarcastic remarks should not be made.

(Interruptions)

श्री जनेश्वर मिश्र: मैडम, यह सही है और यह भी सही है कि यह जो विधेयक है यह कहीं कुछ चोट तो आदमी के मन पर करता है। उस की प्रवृत्ति को करता

3.00 PM

है। महोदया, हम जो जिंदगी इस समय राजनीति में जी रहे हैं, वह एक प्रवृत्ति बन गयी है। अगर हम उस प्रवृत्ति को कहीं-न-कहीं उंगली से कुरेदने की कोशिश करेंगे तो हम को भी चोट लगेगी, हमारी सरकारी पार्टी के मन को भी चोट लगेगी और विपक्ष के जो साथी हैं, उन को भी चोट लगेगी, लेकिन मैं उस भाव से यह बात नहीं कर रहा हूं मेरे मन में वह भाव नहीं है। यह तो मैंने एक घटना का जिक्र किया है और वह इसलिए किया है कि हम राजनीतिकर्मियों की इच्छा अपने को बनाने की ज्यादा होती जा रही है, राष्ट्र के लिए कम होती जा रही है। हम लोग कई बार अपनी सुविधा के लिए प्रयास करते हैं, अपनी सैलरी और दूसरी सुविधाओं के बारे में प्रयास करते हैं तो ऐसा नहीं है कि देश के दूसरे लोग उसे नहीं देखते हैं। लोग कई बार कहते हैं कि हम लोगों ने अपनी तनख्वाह बढ़ा ली, अपनी पेंशन बढ़ा ली। कहते हैं कि आप भी उस समय पार्लियामेंट में थे और आप ने यह सर्वसम्मति से कर लिया था और आप ने विरोध नहीं किया। हम कर्मचारी तो अपनी सैलरी के लिए सड़क पर लड़ते हैं तो हम लोगों को जेल भेज दिया जाता है। तो लोग हमारी हरकतों को देखते रहते हैं कि हम क्या कर रहे हैं और उस पर फैसला करते हैं। उन की दृष्टि हम पर जमी रहती है। इसलिए माननीय सदस्य ने जो यह बिल पेश किया है, इस को हमें पास करना चाहिए। फिर इस में देश की बड़ी-से-बड़ी ताकत आनी चाहिए, मैं यह जानबूझकर कह रहा हूं, बड़ी-से-बड़ी ताकत जिस में प्रधान मंत्री ही नहीं हो सकते, हो सकता है उस में सर्वोच्च न्यायालय का जज भी आ जाये, लेकिन जब कभी भी जज के खिलाफ कोई कार्यवाही होने लगे तो पार्लियामेंट को विश्वास में लेकर और जब प्रधान मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही होने लगे तो संपूर्ण जूडिसियरी की फुल बेंच को विश्वास में लेकर के कार्यवाही होनी चाहिए, लेकिन यह विधेयक किसी बड़े रूप में आना निहायत जरूरी हो गया है।

महोदया, हम ने जो तस्वीर खींची है, वह हमें अच्छी नहीं लगती क्योंकि हमारे जैसे आत्म-ग्लानि में रहने वाला आदमी अपनी तस्वीर को बिगाड़कर रखने का आदी नहीं होता। अभी यहां हमारे कम्युनिस्ट पार्टी के नेता चतुरानन मिश्र जी ने जब पार्लियामेंट के मेंबर्स की चर्चा की थी तो हम नहीं जानते थे कि हम लोगों के चेहरे पर कालिख लग रही है। महोदया, अभी हमारे घर मद्रास का रहने वाला एक आदमी आया था...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप एक ही बात को दोहराइए मत।

श्री जनेश्वर मिश्र: मैडम, मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुझे पीड़ा होती है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप ने इस बात की चर्चा की है। आप ने पहले भी काफी

समय ले लिया और इस वक्त भी 15 मिनिट ले चुके हैं। तो अब जल्दी समाप्त कीजिए ताकि दूसरे लोग भी अपने विचार रख सकें।

श्री जनेश्वर मिश्र: आप कहें तो 5 मिनिट में खत्म कर दूं या कहें तो एक मिनिट में खत्म कर दूं। महोदया, मसूद साहब के लोकपाल विधेयक में यह सरकार जो भी लोकपाल विधेयक लाए, उस में केवल एक विधान बना दिया जाए कि सार्वजनिक जगह पर काम करने वाला आदमी, जिस दिन वह सार्वजनिक जगह पर आता है, उस दिन उस की, उस के बाप-दादा की, उस के खानदान और रिश्तेदारों की जो कुछ भी माली हालत होती है, साल दो साल के अंदर जितनी माली हालत रहेगी, उस पर बिना मुकदमा चलाए, बिना नोटिस दिए, बिना जांच किए, बढ़ी हुई संपत्ति को तत्काल जब्त कर लिया जाएगा तब यह भ्रष्टाचार खत्म हो सकता है, लेकिन मैं जानता हूं कि जब कभी भी सरकार की तरफ से यह जानकारी मांगी गयी है कि जो कुछ भी बाप-दादा से धन-संपत्ति मिली हुई है, उस की जानकारी भेज देंगे तो उस में बहुत से लोगों ने आनाकानी की है और असत्य जानकारी भेजी है। हम चाहते हैं कि कहीं-न-कहीं तो कानून बने, कोई-न-कोई तो रास्ता निकालो क्योंकि इसके कारण आम जनता तक सुधार के किसी कार्यक्रम का लाभ नहीं जा पाता है। महोदया, भारत के एक भूतपूर्व प्रधान मंत्री ने खुद कहा था कि जनता के कल्याण के लिए जो खर्च किया जाता है उसका 80 सैकड़ा बीच में ही खर्च हो जाता है। तो यह स्थिति है और इस में विकास हो नहीं पा रहा है। लोग बिना पानी तरस रहे हैं। आज एक भोगवृत्ति का युग चल रहा है। मैडम, हमारे सेक्रेटेरिएट के सामने जो फव्वारे चलते हैं या कनाट प्लेस पर जो फव्वारा चलता है, अगर उसे बांदा, मद्रास या आंध्रप्रदेश के वे लोग देख लें जिन्हें कि पीने का पानी नहीं है, तो वह इन फव्वारों को तोड़ देंगे। मैडम, यह तय है कि जो लोग सरकार चलाते हैं, वह सजावट की चीजों पर ज्यादा खर्च करते हैं। यह राजशाही की प्रवृत्ति है, यह लोकशाही की प्रवृत्ति नहीं है और जब कभी भी सजावट की प्रवृत्ति बढ़ेगी ...

शान-शौकत की प्रवृत्ति बढ़ेगी तो आदमी भ्रष्ट बनेगा। इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कौनसा कारगर कदम उठाया जाए? यह सोचना जरूरी है। कई बातें, कई आरोप, कई तरह के खेल-खिलौने के दौर से हम लोग गुजरे हैं। पिछले दिनों संयुक्त संसदीय समिति बैठाई गई थी। माना गया था कि एक अपराध को उजागर करने के लिए यह सर्वोच्च संस्था है, मगर कोई ठोस कार्यवाही हो नहीं पाई। वैसे कई बार जांच कमेटी बैठी है। मैंने एक बार पहले भी कहा था और आज फिर कहता हूं कि नेहरू साहब का जमाना था, 1947 के बाद वाला जमाना था, गांधी जी के त्याग की गरमी थी, तो उस जमाने में मूंदड़ा वाला केस आया था। उसके लिए जज छागला की इन्क्वायरी कमेटी बैठाई गई थी और टी॰टी॰ कृष्णमाचारी उनकी सरकार के बड़े ही लायक मिनिस्टर थे, उनकी बिना नोटिस के ही छुट्टी कर दी गई थी।

मैडम, उसके बाद तो लीपापोती का दौर चला। लाइसेंस घोटाले से लेकर प्रतिभूति घोटाले तक का आपको पता है। मैं इसका इतिहास नहीं दोहराऊंगा। जो भी सत्ता में आए, लीपापोती के दौर से चले। हम विरोधी लोग भी कुछ दिनों के लिए सत्ता में आए। ऐसे लोग बहुत दिनों तक सत्ता में नहीं रहते, हमेशा डरते रहते थे कि अब तो जाना है और आपस में लड़ते रहते थे। इसलिए इन लोगों पर ज्यादा भ्रष्ट होने का आरोप नहीं लग पाया, बड़े-बड़े केस नहीं बन पाए इनके खिलाफ। अगर कोई हिन्दुस्तान में कुर्सी पर लंबे समय के लिए बैठा रहता है तब उनमें भ्रष्टाचार पनपने की गुंजाइश हुआ करती है, कम समय के लिए कुर्सी होती है तो भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं रहती।

मैडम, मैं चाहूंगा कि मसूद साहब हिम्मत करके इस बिल को रखें, रखे मायने वोट के लिए रखें। ...(व्यवधान)... रख देना मायने पेश करना नहीं हुआ करता। साथ ही मैं चाहूंगा कि माग्रेट आल्वा जी, जो संसदीय कार्य मंत्रालय का कार्य देखती है, अपनी सरकार की तरफ से इनके बिल का समर्थन करें। इतना कहकर मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात खतम करता हूं। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): श्री वी॰ नारायणसामी। श्री चतुरानन मिश्र।

श्री चतुरानन मिश्र: उपसभाध्यक्ष महोदया, यह जो नेन-आफिशियल बिल मसूद साहब ने रखा है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण है और मैं उनको इसके लिए बधाई देता हूं, जो उन्होंने इसके माध्यम से फिर एक बार पार्लियामेंट का ध्यान इस तरफ दिलाया है। अब यह पार्लियामेंट इसके लिए समर्थ है या नहीं कि यह काम कर सके, यह एक अलग बात है, लेकिन इन्होंने अपने

कर्तव्य का निर्वहन किया कि हम लोगों का, पूरे सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

महोदया, अभी जो हमसे पूर्व वक्ता बोले हैं, मैं उनकी बहुत सी बातों से सहमत हूं, लेकिन इतने पर भी एक बात जरूरत कहना चाहता हूं कि संघर्ष में बलिदान की जरूरत है और सत्ता में जो रहते हैं वह बराबर भोग करते हैं। यह आज नहीं हुआ है, सब दिन हुआ है। इतिहास में ऐसा होता ही रहा है। राज करने का अर्थ भोग विलास हो होता ही रहा है। यह कोई आज ही हो गया है, ऐसी बात नहीं है। जब हमारे मित्र बोल रहे थे तो ऐसा लग रहा था कि भारत में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, शायद रोम के बाद। हमारा ख्याल है कि भारत के नहीं, दूसरे देशों के लोग भी काफी घाट हैं। हां, इतना जरूर हुआ है कि दूसरे लोगों के प्रधानमंत्री पर चार्ज आया है तो वह लुढ़क गए हैं, केवल हमारे प्रधानमंत्री के पास हाई टैक्नोलोजी है, कुछ कर नहीं पाते हैं। यह अलग बात है, हमारे देश की विशेषता उनकी हाई टैक्नोलोजी है। आप यह मत कहिए कि भारत बहुत पतन में है, बहुत गिर गया है, बहुत बातें हो रही हैं और दुनिया में सबसे निकृष्ट हम ही हैं। ऐसी बात नहीं है। वैसे युग बहुत बदल गया है। बहुत लोग राजनीति में आते हैं और जैसा मैंने कहा यह भोग विलास की चीज है, इसलिए आते हैं।

महोदया, इन्होंने गांधी जी की बात कही। गांधी जी तो आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। वह तो संघर्ष का दौर था। राज तो दूसरों के जिम्मे दे गए थे और तब से यह सब बात चली है। अगर संघर्ष का होता रहे तो अभी भी भ्रष्टाचार की कम गुंजाइश है। लेकिन एक नई बात हुई है कि पहले ऐसा होता था कि जब वैराग्य उत्पन्न हो जाता था राजाओं को, राज कुमारों को तो वे सन्यास ले लेते थे लेकिन अब परम्परा यह है, अभी नई परम्परा बनी है, माथुर साहब कृपा करके हमारी बात पर ध्यान देंगे, इनके युग में ऐसा हुआ है कि वैराग्य वाले ये साधु-संत हैं, सब संसद में आने के लिए जान लड़ा रहे हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): हम उनको ठीक आदमी बना रहे हैं।

श्री चतुरानन मिश्र: हम आपको कहां कह रहे हैं कि आप खराब बना रहे हैं, हम इतना ही कह रहे हैं कि पहले राजा-महाराजाओं को जब वैराग्य उत्पन्न होता था तो वे सन्यास ले लेते थे और आप सन्यासी को वैराग्य उत्पन्न कराकर संसद में ला रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): यानी आप कहना चाहते हैं कि ये लोग सन्यासियों को भोग के रास्ते पर ला रहे हैं?

श्री चतुरानन मिश्र: हम क्या कहें, वे बहुत समझदार लोग हैं, पूरा समझ रहे हैं। इसलिए हमारा ऐसा ख्याल है कि जितना भ्रष्टाचार है, सारे को दुरुस्त कर देंगे, ऐसा ख्याल छोड़ देना चाहिए, यह होने वाली बात नहीं है। हमारे विचार से दो चीजें दुनिया में हर जगह हैं—भ्रष्टाचार और भगवान। एक का ऐड्रेस है दूसरे का ऐड्रेस नहीं है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: दोनों सर्वव्यापी हैं।

श्री चतुरानन मिश्र: दोनों सर्वव्यापी हैं। आप कोई कोई देश बता सकते हैं जिसमें भ्रष्टाचार न हो? हम कम्युनिस्ट हैं, हम भी जानते हैं कि क्या हुआ था सोवियत यूनियन में, रोमानिया में, चाइना में, इनमें क्या हुआ, हमारे राज्य में भी हो रहा है इसलिए हम उतने मायूस नहीं हैं जितने हमारे दूसरे मित्र हैं।

हम दूसरी बात कह रहे हैं, अभी जो स्थिति पहुंच गई है, जिसको सरकारिया कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि जब आजादी की लड़ाई हो रही थी तो लोग वकालत छोड़कर के, अपना पेशा छोड़कर के, शिक्षक का काम छोड़कर के संघर्ष में आए, लेकिन अभी क्या हो रहा है? राजनीति में आने के लिए लोग बड़े पैमाने पर उछल-कूद कर रहे हैं। हमने सोचना शुरू किया कि शायद नई जागृति आई है इसलिए लोग उछल-कूद रहे हैं, अगर ऐसा होता तो समाज का कल्याण हो जाता। सही बात यह है कि शार्टेस्ट पीरियड में धन कमाने का सबसे बड़ा साधन राजनीति बन गई है। एक बार अगर कोई एम॰ एल॰ ए॰ या एम॰ पी॰ बन जाए तो फिर उसकी कई पुश्तों का वह उद्धार करके चला जाता है। यह सबसे गड़बड़ी की बात हो गई है जिसको हमें रोकना चाहिए और इसके लिए जो अभी विधेयक की बात आई, हम चाहेंगे कि सरकार के लोग इसको सुनें। हमको लग रहा है कि राजनीतिज्ञों की प्रतिष्ठा सबसे ज्यादा नीचे स्तर पर अभी चली गई है और प्रजातंत्र के लिए राजनीतिक दलों का होना अनिवार्य है, जब तक मजबूत राजनीतिक दल न हों तब तक प्रजातंत्र चल ही नहीं सकता लेकिन राजनीतिक दलों की साख में भी बहुत तेजी से घटोत्तरी हो रही है इस चीज के चलते।

ऐसी हालत में अगर इस प्रजातंत्र को बचाना है तो हम सरकार से अनुरोध करेंगे कि ऊपर से ही इस काम को शुरू किया जाए। प्रधान मंत्री को स्वयं चाहिए, जैसे बोले थे, एक रोज बोलते हुए लगा कि उन्होंने मान लिया था कि लोकपाल बने जिसे प्रधानमंत्री के बारे में भी विचार करने का अधिकार है लेकिन हमको लगता है कि कोई दूसरा राज चलाता है, अगर वही चलाते हैं तो उनका कहना क्यों लागू नहीं होता है?

श्री संघ प्रिय गौतम: कहीं से आवाज आ रही है।

श्री चतुरानन मिश्र: यह प्रधान मंत्री की आवाज नहीं है। वे बहुत कम बोलते हैं और जब बोलें तब भी लागू नहीं होता है तो अगर कोई दूसरा राज चलाता है तो हम लोगों को बताएं ताकि हम लोग समझें।

श्रीमती मारग्रेट आल्वा: आजकल राज्य सभा में लगता है कि अपोजीशन ही राज चला रही है, आप ही तो डिक्टेट करते हैं।

श्री चतुरानन मिश्र: हम जब डिक्टेट करते हैं तो भा॰ ज॰ पा॰ के लोग खड़े रहते हैं आपकी मदद के लिए, आप लोगों को परेशान होती है।

यह तो चलता ही है राजनीति में।

मैं दूसरी बात कह रहा था। जैसा प्रधान मंत्री का पद है और उन्होंने कह दिया कि वह लोकपाल बिल हो और इसमें सभी राजनीतिज्ञ भी आ जाएं, तो फिर रोक कौन रहा है? प्रधान मंत्री कहते ही हैं, विपक्ष कहता ही है, सदन इसके लिए तैयार ही है, तो फिर हो क्यों नहीं रहा है? यही सबसे चिंताजनक बात है। इसका मतलब है कि प्रधान मंत्री को सही अहसास नहीं है कि इस देश में क्या हो रहा है। इसीलिए हम आग्रह करेंगे कि प्रजातंत्र को बचाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाइए जब तक थोड़ी बहुत साख है तब तक कीजिए, नहीं तो सड़कों पर लोग हमारे आपके सिर को लुढ़का देंगे और मानेंगे नहीं। मैं श्री जनेश्वर मिश्र जी के इस विचार से सहमत नहीं हूं जैसा वह बोल रहे थे कि कोई डिक्टेटर आ जाएगा, तो बहुत अच्छा राज होगा।

श्री जनेश्वर मिश्र: ऐसा मैंने नहीं कहा।

श्री चतुरानन मिश्र: ऐसा नहीं कहा, तब अच्छा है। डिक्टेटर राज और भी भ्रष्ट होता है।

श्री जनेश्वर मिश्र: मैंने यही कहा है।

श्री चतुरानन मिश्र: डिक्टेटर बे-तरह भ्रष्ट होता है। इसलिए डिक्टेटर कोई रेमेडी नहीं है उसका रास्ता निकालने का। तो हम यह चाहेंगे कि जो राजनीतिज्ञों की साख गिर गई है, जिसके चलते हमारे राष्ट्रीय जीवन के वाइटल्स समाप्त होते चले जा रहे हैं, यह गणतंत्र खतरे में पड़ गया है, राजनीतिक दल की प्रतिष्ठा समाप्त हो रही है। ऐसी हालत में सरकार को ऊपर से कुछ कदम जल्द से जल्द उठाना चाहिए। अभी तो और भी उठाना चाहिए कांग्रेस पार्टी के लोगों को, सरकार के लोगों को। जहां जाखड़ साहब बैठे हुए हैं उनके पीछे अर्जुन सिंह जी बैठे हुए हैं। आप देख लीजिए, वह दिखाई नहीं पड़ते हैं, बात यही है।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): वह तो बहुत उत्तम है।

श्री चतुरानन मिश्र: जो भी हों हम कुछ नहीं कह रहे हैं, सभी उत्तम हैं। हम जो कह रहे हैं कि क्या यह व्यवस्था चलने वाली है? चलाने वाले तो हम और आप ही हैं। क्या अगली पीढ़ी हमें और आपको क्षमा करेगी, अगर हमने इसको नहीं देखा। हम किसी एक व्यक्ति के दोष वाली बात आपसे नहीं कह रहे हैं। दूसरी, सबसे खराब बात है—भ्रष्टाचार और अपराध-कर्मियों का ऐसा मिलन हो गया है जैसा पानी और चीनी का शर्बत बनता है। उनको पहचानना काफी कठिन है। यह क्षीर और नीर कौन हंस जांचेगा, कहना बड़ा मुश्किल है। इसलिए बड़े पैमाने पर अपराधकर्मी राजनीति में आ रहे हैं, क्योंकि वह समझते हैं कि बिदाउट गारंटर, मैडम, किसी बैंक से आपने कर्ज लिया है या नहीं? अगर आप जाएंगी तो बैंक वाले गारंटर पूछते हैं। कम से कम पब्लिक तो आपसे कहती होगी कि वहां बिना गारंटर के कोई कर्ज नहीं मिलता है। लेकिन अपराधकर्मी और राजनीतिज्ञ बिना किसी गारंटर के बन सकते हैं, इसमें खतरा है नहीं। आप चार बम बना लीजिए और बस जा रही है तो उस पर फेंक दीजिए। फिर लूट लीजिए और चले जाइए। बिना गारंटर के लाखों लाख रुपए लेकर चले जाइए। इसमें बहुत से बहुत यही होगा कि कोई माननीय सदस्य यहां डकैती का सवाल उठा देंगे। इस पर सरकार कहेगी कि यह लॉ एंड आर्डर का विषय है। राज्य सरकार का विषय है। यह वहां जाएगा और वहां से यहां आएगा, हम लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। हमारा तो असहाय जीवन है यहां पर, जितने हम लोग हैं। ऐसा हैल्पलैस केयर तो कोई नहीं है, जानते हुए कि घनघोर भ्रष्टाचार है, जानते हुए कि अपराध कर्म हो रहे हैं, यहां बोल करके अपने दिल को ठंडा करके चल देते हैं। इस

स्थिति को समाप्त कीजिए तभी कोई समाज और देश जिंदा रह सकता है।

इसके अलावा हम आपसे यह कहना चाहेंगे कि भ्रष्टाचार रोकना यह कोई बहुत आसान काम नहीं है। हमने शुरुआती कदम के लिए कहा है। परन्तु जो कोशिश होनी चाहिए इंस्टीट्यूशनल कोशिश होनी चाहिए। इस विचार को त्याग दीजिए कि एक आदमी बहुत अच्छा है यह बहुत बुरा है। इंस्टीट्यूशनल मेजर्स लीजिए ताकि न्यूनतम भ्रष्टाचार की गुंजायश आ सके।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): कुछ गुंजायश रहे?

श्री चतुरानन मिश्र: टोटल को रोकने का, उपाय आप कर ही नहीं सकते। हमारा ख्याल है कि वह हो ही नहीं सकता है। कुछ भ्रष्टाचार तो बराबर ही होगा। लेकिन कुछ की बात नहीं है। जो सर्वनाश की तरफ जा रहे हैं, उसको तो पहले रोक लीजिए तब "कुछ" को बाद में देखिएगा। फिर बाल-बच्चा भी तो कुछ करेगा, सब करके आप ही मत जाइए, दूसरे लोग भी तो करेंगे। संस्थागत उपाय के लिए जैसे देखा जाए, अभी इन्होंने जब लाइसेंस परमिट राज समाप्त किया तो एक उससे अच्छा नतीजा निकल रहा था कि भ्रष्टाचार कम हो जाएगा। तब तक देखते है कि एक नया फार्म निकल गया, सिक्योरिटी स्कैम्स वगैरह देख लिए। अब हमारे वित्त मंत्री सरदार जी नहीं है, नहीं तो वे बताते हमसे कि लोकसभा में हैं तो अच्छी बात है। तो हम आपसे यह कहना चाहते थे कि भ्रष्टाचार के न्यू मेथड निकल कर चला आया और इतनी तेजी से चला आया, सट्टा बाजार का, शेयर मार्केट का कि फिर सारे किस्म की दूसरी बातें हो रही हैं। हम लोगों ने, सभी ने, राष्ट्र ने सोच करके पब्लिक सेक्टर तय किया था कि पब्लिक सेक्टर रहेगा तो सरकार को राजस्व भी मिलेगा और आगे भ्रष्टाचार नहीं रहेगा। लेकिन पब्लिक सेक्टर काफी भ्रष्ट साबित हो गया है। अब सब टूटे हुए हैं कि खानगीकरण की तरफ चलो, प्राइवेटाइजेशन की तरफ चलो। अब सब उधर जा रहे हैं। अब देखने में आ रहा है कि प्राइवेटाइजेशन तो पहले भी था और उस जमाने में ही साबित हुआ जब नेहरू जी थे कि खानजी क्षेत्र भ्रष्टाचार की मां है। तभी संथानम कमेटी बैठाई गई थी और उसने कहा कि प्राइवेट सेक्टर वाले से तो कोई कुकर्म नहीं छूटा हुआ है जो हमारे अफसरों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए वे न करते हों। यह लिखा हुआ है, रिपोर्ट है सबके सामने। तो इसलिए मैं आपसे कह रहा था कि संस्थागत उपाय ज्यादा से ज्यादा सोचिए। इसमें एक चर्चा इन्होंने की कि जो पोलिटिशियन्स है, उनकी सम्पत्ति का ब्यौरा जब किसी पद पर आएं, हम तो चाहेंगे कि ट्रेड यूनियन वालों को भी शामिल कर लिया जाए। शायद आपकी भी राय होगी कि वे लोग भी बिना पार्लियामेंट और असेंबली में आए हुए बहुत माल इधर से उधर कर लेते है, तो वे लोग भी इस दायरे में रहें तो ज्यादा अच्छा है, इसलिए संस्थागत उपाय होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि सीक्रेसी को न्यूनतम किया जाए, ट्रांसपेरेंसी को बहुत ज्यादा किया जाए। हमारा अपना अनुभव रहा है कि कम्युनिस्ट लोगों के राज में सबसे कम भ्रष्टाचार था।

श्री संघ प्रिय गौतम: था कि है?

श्री चतुरानन मिश्र: था। हमारा अभी भी यही मत है क्योंकि उनके यहां कोई धन कमा करके कारखाना बना लेगा ऐसा रूस में कभी नहीं हुआ था, या जमीन भी खरीद लेगा, बेनामी भी। कम्युनिष्टों के विरोधी से विरोधी रूस में आये मगर किसी ने ऐसा नहीं बताया। लेकिन इतने पर भी खुलापन अगर नहीं रहा तो भ्रष्टाचार वहां आ ही गयी, इसको रोका नहीं जा सकता। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि छोटा सा काम अगर प्रधान मंत्री कर दें तो हम समझते हैं कि भ्रष्टाचार में कुछ कमी होगी।

हमारे अखबार रोज रंगे रहते है हर स्तर के भ्रष्टाचार के भंडाफोड़ से चाहे वह ऊपर का हो, चाहे अफसर का हो या नीचे का हो। एक आदेश यह जाए कि जिस अखबार में यह निकले, कहीं पर भी यह निकले तो जिस अफसर के बारे में निकले, उसका सुपीरियर अफसर तुरंत जांच करके अखबार में बयान दे दे, स्पष्टीकरण दें। कल से सब आ जाएंगे एक घेरे के अंदर कि अगर ऐसी कोई बात होगी तो वे जांच में जायेंगे इसमें कोई पैसा खर्च नहीं होगा, कुछ ज्यादा करना नहीं है आपको। अगर ये खुलापन हम लोग यहां दें और यह खुलापन लोकपाल वगैरह के जरिए हम लोगों पर आ जाएगा, राजनीतिज्ञों पर आ जाएगा, तो ये ट्रांसपेरेंसी आने से और समाचार-पत्रों में आने से हम लोग इसको काफी हद तक दूर कर सकते है। इस संबंध में एक बात हम यही अर्ज कर सकते हैं कि हमारा ऐसा ख्याल है कि चाहे विपक्ष के लोग हों, चाहे सरकारी पार्टी के लोग हों, जब भ्रष्टाचार का मामला होता है तो कुछ संकीर्ण पार्टीगत राजनीति से प्रेरित हो विचार करते हैं। अगर भ्रष्टाचार का मामला है तो हरेक पार्टी को चाहिए कि

पार्टी की बात नहीं सोच करके उस विषय को देख करके उस पर हम लोगों को कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन यह कहना आसान है, लागू करना बहुत कठिन काम है, लेकिन उस दिशा के लिए इंस्टीट्यूशनल गारंटी कुछ की जाए कि अगर ऐसा कोई करेगा तो इसको संरक्षण मिलेगा।

एक दूसरी बात है कि जिसकी गारंटी करनी होगी और वह भय को दूर करना, यह चर्चा तो बहुत दिन से हो रही है। जो निर्भीक हो कुछ करे उसको सुरक्षा प्रदान की जाए। अगर किसी ने हमको आ करके कह दिया कि आप भ्रष्ट हैं और हम सत्ता में हैं तो तुरंत हम उसको सताने के लिए लग गए, दबाने के लिए लग गए। इसे रोकने की इंसिट्यूशनल गारंटी हो। अगर यह अभियोग लगाया है, हो सकता है कि यह अभियोग 50 परसेंट गलत हो, 75 परसेंट गलत हो, तब भी सिर्फ अभियोग लगाने से इसलिए यह कार्यवाही नहीं होगी। अनुचित अभियोग हो तो कानून अपना रास्ता ले लेता है और लेना भी चाहिए। कुछ लोग अभियोग लगाकर ही पैसा कमाते हैं। यह भी एक तरीका बन गया है। इसलिए मैं आपसे यह कहूंगा कि निर्भीकता की सुरक्षा हम लोग कैसे कर सकें, इसकी हम गारंटी करें। लेकिन इन सारी बातों के बावजूद मैं इस बात को कहूंगा कि इसकी असली दवा है जन-चेतना, सामाजिक चेतना। सोशल कांसेन्सस अगर नहीं होगा समाज के लोग भी अजीब है। हम जायेंगे, भ्रष्ट से भ्रष्ट आदमी है तो कहेंगे आइए हम आपको भूले नहीं हैं। हम बराबर आपके बारे में सोचते हैं और ज्यों ही हम चले जायेंगे तो बोलेंगे कि भई इसके जैसा बेईमान आदमी कोई नहीं है। खुलकर बोलेंगे नहीं। वह इसलिए नहीं बोलते क्योंकि वे डर से भयभीत हैं। इसलिए हमारे कानूनों में इसकी गारंटी होनी चाहिए ताकि वे निर्भीक होकर समाज में अपनी बात कह सकें। हो सकता है कि इसमें अतिरंजना होगी, मैं इससे इंकार नहीं करता। लेकिन अगर आप स्वस्थ समाज चलाना चाहते हैं तो यह प्रोटेक्शन सिटिजन्स को दिया जाए। ब्लैक मेल करने वाले भी होंगे लेकिन उनके लिए कानून का अपना कोर्स है। लेकिन यह निर्भीकता हम लोग जल्द से जल्द करें। अगर यह जनमानस तैयार हो जाये तो चुनाव में ज्यादा पैसा खर्चा करने के जरुरत नहीं होगी। न फिर चुनाव के लिए भारी रकम-जुटाने की? नहीं तो आप लोगों को बहुत धन जमा करना पड़ता है।

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव): त्रिपुरा में नृपेन बाबू के बारे में बोलिए।

श्री चतुरानन मिश्र: त्रिपुरा में नृपेन बाबू ने कहा है कि कुछ नेता काफी पैसा जमा किया है लेकिन वह आपके बारे में बोले थे कि आप गड़बड़ करते हैं।

श्री संतोष मोहन देव: आप पी॰ एम॰ के बारे में बोल रहे हैं, नृपेन बाबू के बारे में कुछ बोलिए।

श्री चतुरानन मिश्र: हमने तो आपसे कह दिया कि अगर नृपेन बाबू की बात करनी है तो शुरू से जो कुछ उन्होंने कहा उन सारी बातों की जांच करें। आपके बारे में जो कहा था उसकी जांच हो। से ...(व्यवधान)... हम तो देखें।

श्री संतोष मोहन देव: कांग्रेस पार्टी नहीं, आप अपनी पार्टी की बात बोलिए। ...(व्यवधान)... नृपेन बाबू इतना बोला है ज्योति बाबू के बारे में, उस बारे में भी कुछ भाषण दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आपस में डाइलोग न करें।

श्री चतुरानन मिश्र: हमने तो कहा कि नृपेन बाबू को ...(व्यवधान)... जब आप मान रहे हैं पंच तो सभी केस उनको दीजिए। आप ...(व्यवधान)...

श्री संघ प्रिय गौतम: मिश्रा जी ने पहले ही कहा है कि कम्युनिस्ट पार्टी में पहले भ्रष्टाचार कम था, लेकिन अब ज्यादा है, उन्होंने पहले ही कहा है।

श्री चतुरानन मिश्र: हमने कहा कि दूसरों के मुकाबले में सबसे कम है।

श्री जगदीश माथुर: सब की बात हो रही है लेकिन बंगाल की बात नहीं हो रही है।

श्री चतुरानन मिश्र: नहीं नहीं, ऐसा कीजिए, हमने तो कहा था उस दिन, अभी भी कहते हैं, ऐसा कोई कमीशन बना दीजिए—आप भी तो कहीं राज करते हैं, हम भी बंगाल में राज करते हैं, जनता दल भी कहीं राज करता है, कांग्रेस वाले भी राज करते हैं— वह देखें कि हर जगह भ्रष्टाचार का क्या हाल है। अगर बंगाल उसमें सबसे कम नहीं होता तो हम सजा भुगतेंगे और अगर आप लोगों का ज्यादा होगा तो इसको स्वीकार कर लीजिए। हमने यह नहीं कहा कि हम एकदम दूध के धुए हैं। यह हमने कभी नहीं कहा। लेकिन हमने इतना जरूर कहा है कि दूसरों से कम है। संतोष मोहन देव जी खड़े हो गए, हम कहेंगे कि नृपेन बाबू की बात शुरू से मानी जाए। पहले भी जिसके बारे में कहे हैं तो पहले

इसकी जांच करवा लें और क्रमिक रूप से जिसका-जिसका कहेंगे उसका करवा लें। इसको आप स्वीकार कर लीजिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: जो मिश्र जी कह रहे हैं उसको सोचो, समझो और करो। खुला करोगे दंड मिलेगा, भ्रष्टाचार बंद करो।

श्री चतुरानन मिश्र: मैं आपसे यह कहना चाहता था कि लोकपाल की नियुक्ति के सवाल को पहले भी उठाया गया है। जहां तक लोकायुक्त की बात है, कई राज्यों में लोकायुक्त कायम है। उससे अच्छा इस समस्या का निराकरण हो गया, समस्या का निदान हो गया, ऐसा मत समझिए। लेकिन थोड़ा सा चेक है, हमारे राज्य में है ...(व्यवधान)...हां कुछ जगह यह भी नहीं हुआ, वह भी ठीक है। इन लोगों का जो काम है, वह एडवाइजरी है। जब तक आप खुलापन नहीं रखिएगा तब तक कोई डरेगा नहीं क्यों कि लोकायुक्त से सरकारी फाइल को फिर आप ही के पास आना है सब कुछ, और आप दबाकर रख देंगे तो हम क्या कर सकते हैं। मैं आपको कोई व्यक्तिगत नहीं कर रहा हूं।

